आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 03.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल की तिथियों पर भारतीय ओलंपिक संघ ने मुहर लगाई, अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित होंगे राष्ट्रीय खेल।
- संसद के शीतकालीन सत्र में जारी गतिरोध को समाप्त करने पर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति बनी।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पेयजल योजनाओं में आम नागरिकों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।
- उत्तराखंड वन विभाग बेहतर वन प्रबंधन के लिए कार्ययोजना तैयार करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर रहा है।
- देहरादून के ज़िलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय खेल तिथि मुहर

उत्तराखंड में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तिथियों पर भारतीय ओलंपिक संघ ने अपनी मुहर लगा दी है। राष्ट्रीय खेल पूर्व में निर्धारित तिथि 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 के बीच ही आयोजित किये जांएगे। संघ के इस फैसले पर प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने खुशी ज़ाहिर की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पहले से ही इन तिथियों के अनुसार अपनी तैयारी कर रहा था। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी तैयारियों को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं और ये आयोजन अनेक मायनों में ऐतिहासिक सिद्ध होने वाला है।

सहमति

संसद के दोनों सदनों में गतिरोध समाप्त करने के लिए सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति बन गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कलसंसद भवन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में श्री बिरला ने सभी सदस्यों से सदन के सुचारू संचालन का अनुरोध किया। बैठक में नेताओं ने इस पर सहमति व्यक्त की।

पेयजल समीक्षा

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पेयजल संबंधित मामलों की शिकायत के निस्तारण के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पेयजल योजनाओं में आम नागरिकों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस क्षेत्र में बेस्ट प्रेक्टिसेज़ को अपनाने को कहा है। सचिवालय में अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में विश्व बैंक से सहायता प्राप्त उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने जल आपूर्ति योजनाओं के सोशल ऑडिट को प्रभावी बनाने में विशेष रूप से स्थानीय महिलाओं को शामिल करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श फर्म की समयसीमा विस्तार और इस कार्यक्रम के पर्यावरण ऑडिट पर प्रशासनिक और वित्तीय अनुमोदन दिया। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन पूर्णता और परिणाम रिपोर्ट के लिए परामर्श सेवाओं की नियुक्ति की नियुक्ति के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी।

निरीक्षण

देहरादून के ज़िलाधिकारी सविन बंसल ने पौंटा–बल्लूपुर राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण कर कार्य प्रगति को देखा। इस दौरान उन्होंने मसूरी बाईपास  निर्माण की भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि आशारोड़ी से झाजरा तक सड़क निर्माण योजना के लिए भूमि अधिग्रहित कर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एन०एच०ए०आई को दी गई है। क्षेत्रीय निवासियों द्वारा अंडरपास की मांग किए जाने पर जिलाधिकारी ने एन०एच०ए०आई के अधिकारियों को क्षेत्रीय ग्रामीणों से बैठक कर अंडरपास की व्यवहारिक मांग पर निर्धारित मानको के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस 2024 पर 33 अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थाओं को विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार विकलांग व्यक्तियों के जीवन को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से सोलह परिवर्तनकारी पहलों का भी अनावरण करेंगे। ये पहल समावेशिता, नवाचार और प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जो सशक्तिकरण के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को मजबूत करती हैं।

वन प्रबंधन में ए०आई का उपयोग

उत्तराखंड वन विभाग बेहतर वन प्रबंधन के लिए कार्ययोजना तैयार करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस– ए०आई का उपयोग कर रहा है। कार्ययोजना के मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि गढ़वाल वन प्रभाग की कार्ययोजना तैयार करने में पायलट आधार पर ए०आई का उपयोग शुरू किया है और शुरुआती परिणाम उत्साहजनक हैं।

इसकी सहायता से विभाग को बेहतर जैव विविधता संरक्षण, टिकाऊ वन प्रबंधन और वनस्पति पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छे विश्लेषण के साथ–साथ प्रबंधन के तरीके भी मिले हैं। उन्होंने बताया कि जंगलों के प्रकार और वृक्ष प्रजातियों की संरचना के बारे में एकत्र किए गए क्षेत्र के आंकड़ों के आधार पर उन्नत ए०आई सॉफ्टवेयर के उपयोग से पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में बेहतर विश्लेषण किया जा रहा है, जिससे प्राथमिकता वाली प्रजातियों और विशिष्ट प्रबंधन हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की स्पष्ट रूप से पहचान हो रही है।

जनसुनवाई

देहरादून के ज़िलाधिकारी सविन बंसल ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के अधिकारियों को विशेष प्रयास करने को कहा है। ऋषिपर्णा सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम में श्री बंसल ने अधिकारियों को कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को ध्यान से सुनकर उनका निस्तारण किया जाए, ताकि उन्हें भटकना न पड़े। जनसुनवाई में 96 शिकायत प्राप्त हुई। इनमें भूमि संबंधी, भूमि कब्जा, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, मुआवजा वितरण, आपसी विवाद, नगर निगम, पर्यटन, महिला कल्याण, सड़क निर्माण के लिए वन भूमि चिन्हित करने जैसी शिकायतें प्राप्त हुईं। एक मामले में चकराता विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खारसी के गंगासू में क्यारियों और नहरों में 23 वर्षो से मलबा पडे रहने की शिकायत प्राप्त हुई, जिसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सिचांई विभाग के अधिकारियों को जाचं अख्या प्रस्तुत करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

अनुरोध

इस बीच, राजधानी देहरादून में एक अनूठी पहल करते हुए पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले युवाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही उनके अभिभावकों से भी फोन पर संपर्क कर रही है। ज़िले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले युवाओं के अभिभावकों से फोन के माध्यम से मौके पर ही अनुरोध किया जा रहा है कि वे अपने स्तर पर युवाओं की काउंसलिंग करें और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

आयुष बाज़ार

आयुष क्षेत्र ने पिछले 10 वर्षों में वृद्धि दर्ज की है और वर्ष 2023 में इसका बाजार 43 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। केंद्रीय ऊर्जा और नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने बताया है कि सरकार आयुष क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री नाइक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब दुनिया भर के अधिकतम देशों में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि निर्यात क्षेत्र भी वर्ष 2014 में लगभग एक अरब डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 में दो अरब डॉलर से अधिक हो गया है।

एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर .......

सरकार और विपक्षी दलों के बीच संसद की सुचारू कार्यवाही को लेकर बनी सहमति। इस ख़बर को लगभग सभी अखबारों ने मुख्य प्रष्ठ पर स्थान दिया है।दैनिक जागरण का शीर्षक है विपक्षी खेमे की दरार से टूटा गतिरोध, संविधान पर 13 14 को लोकसभा व 16 17 को राज्यसभा में चर्चा के प्रस्ताव से सहमति। वहीं अमर उजाला इस खबर पर लिखा है सत्ता विपक्ष में पिघली बर्फ, आज से बेरोकटोक चलेगी संसद। लोकसभा अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, गतिरोध खत्म करने पर बन गई सहमति।

उतराखण्ड में 38वें राष्टीय खेलों की तिथि पर आयोजन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ की मुहर की खबर को अमर उजाला ने अपने मुख्य पृष्ठ में स्थान दे कर लिखा है उतराखण्ड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होंगे 38वें राष्टीय खेल, लगी मुहर, आईओए की हरी झंडी 32 मुख्य और चार प्रदर्शनी खेलों को किया शामिल।

वहीं, किसानों के दिल्ली कूच से लगे जाम की खबर को ज्यादातर अखबारों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– दिल्ली में प्रवेश से रोकने के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग और जांच से वाहनों की रफ्तार थम गई, किसानों के कूच से महाजाम। इसी ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– किसानों का दिल्ली कूच, लगा ब्रेक।

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में बीएड का प्रारूप बदलने जा रहा है। इस ख़बर पर अमर उजाला का शीर्षक है– एक वर्षीय बीएड डिग्री पाठ्यक्रम जल्द फिर होगा शुरू, चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम वाले छात्रों को मिलेगा दाखिला, वर्ष 2026 से बदलेगा पाठ्यक्रम।